# आकाशवाणी शिमला

## 26.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

### मुख्य समाचार

- प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के पहले चरण का चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न– रिकॉर्ड 78 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने डाले वोट।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अधिकारियों को एम.आई.एस के तहत खरीदे फलों का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से करने के निर्देश।
- केन्द्र सरकार ने अवैध अप्रवास और अन्य कारणों से उत्पन्न जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का अध्ययन करने के लिए गठित की उच्च स्तरीय समिति।
- प्रदेश सरकार ने संजय गुप्ता को मुख्य सचिव पद पर दी नियमित नियुक्ति।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी– 28 मई से झमाझम बरसेंगे बादल।

### पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के पहले चरण के लिए आज चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। पहले चरण के तहत आज प्रदेश की एक हजार 2 सौ 93 पंचायतों और ज़िला परिषद व पंचायत समिति सदस्य के लिए वोट डाले गए। पहले चरण में रिकॉर्ड 78 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पिछले पंचायतीराज चुनावों में प्रदेश में 77 प्रतिशत मतदान हुआ था। मतदान सम्पन्न होने के बाद पंचायत प्रधानों, उपप्रधानों व वार्ड सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती जारी है और कई स्थानों पर नतीजे भी घोषित कर दिए गए हैं।

### मतदाता

इस बीच आज पंचायत चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से लेकर उम्र दराज मतदाताओं तक ने लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। बिलासपुर ज़िला की घुमारवीं विकासखंड की सेऊ ग्राम पंचायत के पिंक बूथ पर प्रदेश की सबसे उम्रदराज मतदाता 113 वर्षीय मंगलू देवी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इसी तरह शिमला ज़िला की ननखड़ी तहसील की ग्राम पंचायत खमाड़ी के करोली गांव की सौ वर्षीय रामपति और हमीरपुर ज़िला की टिक्करी मिन्हासा पंचायत के वार्ड नम्बर–एक में समलोग गांव की सौ वर्षीय रेश्मो देवी भी वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र पहुंची। अधिकांश मतदान केन्द्रों पर गर्मी के चलते सुबह के वक्त मतदाताओं की जोरदार भीड़ उमड़ी और लोग कतारों में खड़े होकर मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कई ग्राम पंचायतों में मतदान की समय सीमा खत्म होने के बाद भी मतदाताओं की लंबी–लंबी कतारें देखी गई।

### निर्वाचन आयोग

इस बीच कुल्लू ज़िला में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। सिरमौर ज़िला में 75 दशमलव पांच–दो प्रतिशत जबकि सोलन ज़िला में लगभग 80 दशमलव नौ–शून्य प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार को प्रयोग किया। ऊना ज़िला में 78 दशमलव दो–पांच प्रतिशत और बिलासपुर ज़िला में 75 दशमलव छः–एक प्रतिशत मतदान हुआ। हमीरपुर ज़िला में 72 दशमलव एक–सात प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

### दूसरा चरण

इस बीच 28 मई को होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के दूसरे चरण के लिए सक्रिय चुनाव प्रचार आज दोपहर 3 बजे समाप्त हो गया। दूसरे चरण में एक हज़ार 2 सौ 74 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने निर्देश दिए हैं कि मंडी मध्यस्थता योजना के तहत खरीद पर बागवानों को भुगतान के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की संभावनाएं तलाशी जाएं। मुख्यमंत्री शिमला में बागवानी विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा भुगतान प्रणाली में बागवानों को मंडी मध्यस्थता योजना के तहत की गई खरीद पर नकद राशि के स्थान पर विभाग द्वारा अन्य सामग्री प्रदान कर भुगतान किया जाता है। उन्होंने ये भी निर्देश दिए कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कदम से छोटे और सीमांत सेब उत्पादकों की आर्थिकी में सुधार होगा।

**कमेटी गठित**

भारत सरकार ने अवैध अप्रवास और अन्य असमान्य कारणों से उत्पन्न जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का अध्ययन करने और जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से निपटने के उपायों पर सुझाव देने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को इस कार्य के लिए हाई पावर्ड डैमोग्राफी मिशन की घोषणा की थी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 11 सितम्बर 2025 का इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर होंगे। जनगणना आयुक्त के अलावा 3 प्रतिष्ठित विशेषज्ञ दुर्गा शंकर मिश्रा, बालाजी श्रीवास्तव और डॉक्टर शमिका रवि इस समिति के सदस्य होंगे। संयुक्त सचिव गृह को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। ये समिति एक वर्ष के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

**सुनील–बिट्टू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के राजनीतिक सलाहकार सुनील बिट्टू ने कहा है कि हमीरपुर शहर के व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। सुनील बिट्टू ने आज उनसे मिलने आए हमीरपुर व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने रखकर उनका समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार हमीरपुर शहर के व्यापारियों को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होने देगी। प्रतिनिधिमंडल ने सुनील बिट्टू को सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि हमीरपुर बाजार में स्थित मुख्य बस अड्डे को निर्माणाधीन बस अड्डे में स्थानांतरित करते समय हमीरपुर के लोकल रूट नए बस अड्डे को स्थानांतरित न किए जाए। व्यापारियों ने अपने अन्य मुद्दे भी सुनील बिट्टू के समक्ष रखे।

**मुख्य सचिव**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने कार्यवाहक मुख्य सचिव संजय गुप्ता को इस पद पर नियमित नियुक्ति दे दी है। संजय गुप्ता को मुख्य सचिव के पद पर ये नियमित नियुक्ति उनकी सेवानिवृति से 5 दिन पूर्व दी गई है। वे 31 मई को सेवानिवृत होने जा रहे है। उनकी पदोन्नति संबंधी अधिसूचना आज कार्मिक विभाग द्वारा जारी कर दी गई है।

**जयराम ठाकुर**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अधिकारियों के हाथों की कठपुतली बन चुके हैं और पूरी तरह कंप्रोमाइज्ड हैं। जयराम ठाकुर ने आज सरकार द्वारा वर्तमान कार्यवाहक मुख्य सचिव को स्थाई नियुक्ति दिए जाने के फैसले की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मौजूदा मुख्य सचिव की नियुक्ति को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। ऐसे में उन्हें स्थाई मुख्य सचिव बनाना सरकार की नियत पर कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने पंचायत चुनाव के पहले चरण में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को भारी जनसमर्थन मिलने का दावा भी किया।

**समर फेस्टिवल**

अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव इस बार नए तेवर, व्यापक स्वरूप और जनभागीदारी के बड़े विज़न के साथ नजर आएगा। ग्रीष्मोत्सव कमेटी के अध्यक्ष व उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज एक पत्रकार वार्ता में कहा कि अब तक रिज मैदान की सांस्कृतिक संध्याओं तक सीमित रहने वाला प्रतिष्ठित उत्सव इस बार स्कूलों, खेल मैदानों, साहित्यिक मंचों और शहर के अलग–अलग हिस्सों तक अपनी पहुंच बनाएगा। अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव की तिथियों में इस बार बदलाव किया गया है और इसका आयोजन 8 से 12 जून तक होगा।

**मौसम**

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। राज्य के ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर ज़िला के कई हिस्सों में आज लू जैसे हालात बने रहे। ऊना में अधिकतम तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया है। इसके चलते लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने कल 27 मई को राज्य के 8 ज़िलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में अलग–अलग स्थानों पर लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 28 मई से हिमालय क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से 28 मई को राज्य के 5 ज़िलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में मौसम विभाग ने ओलावृष्टि, अंधड़, आसमानी बिजली गिरने और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी–तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**मांग**

रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने वन विभाग से बांध प्रभावित क्षेत्र में निष्पक्ष तरीके से पेड़ों की गिनती करवाने की मांग की है। रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति के प्रैस सचिव योगी ठाकुर ने आज नाहन में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि यदि इस कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती गई तो समिति मामले को न्यायालय में ले जाएगी। समिति ने चुने हुए जनप्रतिनिधियों से भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने और प्रभावित लोगों की आवाज बुलंद करने की मांग की है ताकि विस्थापितों को न्याय मिल सके।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के पहले चरण का चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न– रिकॉर्ड 78 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने डाले वोट।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अधिकारियों को एम.आई.एस के तहत खरीदे फलों का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से करने के निर्देश।
- केन्द्र सरकार ने अवैध अप्रवास और अन्य कारणों से उत्पन्न जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का अध्ययन करने के लिए गठित की उच्च स्तरीय समिति।
- प्रदेश सरकार ने संजय गुप्ता को मुख्य सचिव पद पर दी नियमित नियुक्ति।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी– 28 मई से झमाझम बरसेंगे बादल।